प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी, आज प्रत्याशियों के नामांकन से पूर्व भाजपा और झामुमो का होगा शक्ति परीक्षण।
2. भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर लगाया गरीब विरोधी होने का आरोप, झामुमो ने कहा–मुद्दाविहीन हो गया है विपक्ष।
3. पीवीयूएनएल ने यूनिट–1 का ट्रायल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया पूरा, राज्य की विद्युत आत्मनिर्भरता को मिलेगा बल।
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान पर राष्ट्रीय सम्मेलन में लेंगी भाग, जनजातीय ग्राम विजन 2030 पर विचार से कार्यान्वयन तक केंद्रित होगा कार्यक्रम।
5. राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार अब से थोड़ी देर बाद चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लोगो और मस्कट का करेंगे अनावरण, 24 अक्तूबर से होगी प्रतियोगिता।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन और झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन अनुमंडल कार्यालय में अपना–अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सोमेश सोरेन के नामांकन दाखिल करने के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री और पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री–विधायक मौजूद रहेंगे। नामांकन के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दाहीगोड़ा सकर्स मैदान में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे।

वहीं, भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन सभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के पूर्व ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में पार्टी की एक सभा भी होगी। दोनों की सभाओं और नामांकन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये हैं।

****

घाटशिला उपचुनाव की तारीख जैसे–जैसे नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे भाजपा और झामुमो के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। घाटशिला में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को गरीब विरोधी बताया। उन्होंने सरकार पर आरक्षण में वादा खिलाफी का भी आरोप लगाया।

****

इस बीच झामुमो ने कहा है कि राज्य में भाजपा मुद्दाविहीन पार्टी बनकर रह गयी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि घाटशिला सीट पर विजय पताका लहराकर हम दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देनी है।

****

सांसद ढुल्लु महतो ने बताया कि धनबाद– गयापुल चौड़ीकरण कार्य प्रारम्भ करने के लिए रेलवे से एनओसी मिल गई है। रेलवे हाजीपुर जोन से एप्रूवल की चिट्ठी मिल गई है। गयापुल चौड़ी करण के लिए एक और नया सब – वे बनना है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है।

****

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत फुलजोरी से मुरली पहाड़ी एवं मुरली पहाड़ी से गोल पहाड़ी गांव तक जाने वाली 6 किलोमीटर ग्रामीण सड़क का शिलान्यास किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में डा. अंसारी ने कहा कि सड़क निर्माण पर 4 करोड़ की राशि खर्च होगी।

****

झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ राज्य में आज कुल दो सौ आठ नक्सलियों ने आत्मतसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अबूझमद के अधिकांश इलाके नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त हो गए हैं और उत्तरी बस्तर क्षेत्र में दशकों से चला आ रहा नक्साली आतंक समाप्त हो गया है। अधिकारियों के अनुसार आत्मसमर्पण करने वालों में गैर कानूनी सीपीआई मार्क्सवादी संगठन के एक सौ दस महिलाएं और 98 पुरूष हैं। इन लोगों ने एक सौ 93 हथियार भी सौंपे हैं।

****

एनटीपीसी की सहायक इकाई और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के संयुक्त उद्यम पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड पीवीयूएनएल ने अपनी प्रमुख विद्युत परियोजना की यूनिट–1 का 72 घंटे का सफल ट्रायल ऑपरेशन को पूर्ण कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। इस अवसर पर सीईओ एके सहगल ने कहा कि यह सफलता झारखंड की विद्युत अवसंरचना को सुदृढ़ करने, राज्य की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने तथा भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं में सार्थक योगदान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित विकसित भारत के दृष्टिकोण के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

****

केंद्र सरकार के द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती किए जाने से जामताड़ा जिले के व्यवसायी उत्साहित हैं। व्यवसायियों का मानना है कि इस बार त्यौहारी सीजन में जीएसटी सुधार का लाभ आम लोगों को मिलेगा।

****

सिमडेगा जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

****

घरेलू शेयर बाजार के सूचकांक में आज दोपहर तक के कारोबार में शून्य दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। सेंसेक्स 553 अंक बढ़कर 84 हजार 21 और निफ्टी 153 अंक बढ़कर 25 हजार 739 पर पहुंच गया।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 19 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 2 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 24 नवंबर से राजस्थान के 7 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। इसमें झारखंड समेत देशभर के पांच हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे।

****

रांची में आयोजित होने वाली चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लोगो और मस्कट का अनावरण आज मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

****